# इंडिया स्किल प्रतियोगिता में मेवाड़ विश्वविद्यालय रहा अव्वल

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
rajasthanpatrika.com



कौशल इंडिया में विजेता रहे मेवाड़ विश्वविद्यालय के विद्यार्थी।

**चित्तौड़गढ़.** नई दिल्ली में आयोजित इंडिया स्किल प्रतियोगिता 2018 में मेवाड़ विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने लैंडस्केप गार्डनिंग ट्रेड में विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया। देश में कौशल की सबसे बड़ी प्रतियोगिता में पूरे देश से 400 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया था जिसमें से मेवाड़ विश्वविद्यालय के आठ विद्यार्थियों ने प्रतिभागी बन अपने ट्रेड की प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया।

पवन विश्वकर्मा (नेपाल), चन्द्रकांत मुरे (छतीसगढ़) की टीम को प्रथम आने पर एक लाख का पुरस्कार, अभिषेक (बिहार) एवं तनुश्री (प. बंगाल) को द्वितीय रहने पर 75 हजार व नवराज और परवेश को तृतीय रहने पर 50 हजार रुपए का पुरस्कार प्राप्त हुआ है। राष्ट्रीय स्तर पर सफलता के बाद अब ये विद्यार्थी अन्तरराष्ट्रीय पटल पर आगामी अगस्त में रूस में होने वाली विश्व कौशल प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे।

विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग व प्लेसमेन्ट विभाग की ओर से मुहैया करवाए गए इस अवसर से न केवल विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में शामिल होने का अनुभव प्राप्त हुआ, अपितु विशिष्ट स्थान अर्जित करने पर राष्ट्रीय पहचान भी मिली।

कैला, गणेश पावला, प्रभुलाल अरानया साहत सकडा ...

# इंडिया स्किल प्रतियोगिता में मेवाड़ विश्वविद्यालय अव्वल



**गंगरार।** हाल ही में नई दिल्ली में आयोजित इंडिया स्किल प्रतियोगिता 2018 में मेवाड़ विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। देश में कौशल की सबसे बड़ी प्रतियोगिता में पूरे देश से 400 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया था। प्रतियोगिता में मेवाड़ विश्वविद्यायल के आठ विद्यार्थियों पवन विश्वकर्मा व चन्द्रकांत मुरे की टीम को प्रथम आने पर एक लाख का पुरूस्कार, अभिषेक एवं तनुश्री (प. को द्वितीय आने पर 75 हजार एवं नवराज और परवेश को तृतीय स्थान हासील करने पर 50 हजार रूपए का पुरस्कार प्राप्त हुआ। राष्ट्रीय स्तर पर सफलता के बाद अब ये विद्यार्थी अन्तर्राष्ट्रीय पटल पर आगामी अगस्त माह. में रूस में होने वाली विश्व कौशल प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व करेगे।

# मेवाड़ विश्वविद्यालय में सेलवन ने लिए साक्षात्कार

**चित्तौड़गढ़।** मेवाड़ विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों के लिए आयोजित किए जाने वाले रोजगारोन्मुखी कार्यक्रमों की श्रृंखला में दूरसंचार सेवा प्रदाता कम्पनी सेलवन द्वारा पॉलीटेक्निक डिप्लोमा एवं बीटेक की इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कंप्यूटर साइंस शाखा के विद्यार्थियों के लिए साक्षात्कार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में सेलवन के एचआर विभाग के अधिकारी डेविड ऐस ने विद्यार्थियों से देश की दूरसंचार कम्पनी सेलवन का परिचय देते हुए दूरसंचार क्षेत्र सम्बंधित कई प्रकार की महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की। इस आयोजन की विस्तृत जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के निदेशक हरीश गुरनानी ने बताया कि चयन प्रक्रिया दो चरणों में विभाजित थी, जिसमे सर्वप्रथम विद्यार्थियों की सामान्य योग्यता की परख के लिए लिखित परीक्षा का आयोजन हुआ। लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया गया। इस पूरी प्रक्रिया में 47 विद्यार्थियों ने भाग लिया, परिणामों की एक सूची जारी होने पर सात विद्यार्थियों का चयन किया गया।

# इंडिया स्किल स्पर्धा में मेवाड़ विश्वविद्यालय रहा अव्वल

भास्कर संवाददाता | गंगरार

दिल्ली में हुई इंडिया स्किल प्रतियोगिता में मेवाड़ विश्वविद्यालय की बीएससी एग्रीकल्चर के विद्यार्थियों ने लैंडस्केप गार्डनिंग ट्रेड में पहला स्थान पाया। प्रतियोगिता में देशभर से 400 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया था।

मेवाड़ विश्वविद्यालय के आठ विद्यार्थियों ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे। विश्वविद्यालय के पवन विश्वकर्मा (नेपाल), चंद्रकांत मुरे (छत्तीसगढ) की टीम को प्रथम आने पर एक लाख रुपए, अभिषेक (बिहार) एवं तनुश्री (प. बंगाल) को द्वितीय आने पर 75000 एवं नवराज और परवेश को तृतीय स्थान हासिल करने पर 50000 रुपए का पुरस्कार मिला। ये सब अगस्त 2019 में रूस में होने वाली विश्व कौशल प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे।

# मेवाड़ विश्वविद्यालय के छात्र रहे विजेता

चित्तौड़गढ़। नई दिल्ली में आयोजित इंडिया स्किल प्रतियोगिता में मेवाड विश्वविद्यालय के विद्यार्थीयो ने लेंडस्केप गार्डनिंग ट्रेड में विष्वविद्यालय का नाम रोषन किया। देष में कौषल की सबसे बड़ी प्रतियोंगिता में पूरे देष से 400 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया था जिसमें मेवाड़ विष्वविद्यायल के आठ विद्यार्थीयों ने प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय तीनों स्थानो पर रह कर अभूतपूर्व सफ्लता अर्जित की। विष्वविद्यालय के पवन विष्वकर्मा, चन्द्रकांत मरे की टीम को प्रथम आने पर एक लाख का पुरूस्कार, अभिषेक एवं तनुश्री को द्वीतीय आने पर 75 हजार एवं नवराज और परवेष को तृतीय स्थान हासील करने पर 50 हजार का पुरस्कार प्राप्त हुआ। राष्ट्रीय स्तर पर सफ्लता के बाद अब ये विधार्थी अन्तर्राष्ट्रीय पटल पर आगामी अगस्त माह में रूस में होने वाली विष्व कौषल प्रतियोगिता में देष का प्रतिनिधित्व करेगें जिसके लिये समुचित प्रषिक्षण की व्यवस्था की जायेगी एवं तत्पश्चात् प्रथम रहे दो प्रतिभागियों को रूस भेजा जायेगा।

# नव आगंतुक विद्यार्थियों का हुआ स्वागत

## मेवाड़ यूनिवर्सिटी में मनाया गया फ्रेशर्स डे, दी प्रस्तुतियां

**चित्तौड़गढ़** | मेवाड़ विश्वविद्यालय में नवागंतुक विद्यार्थियों के अभिनंदन एवं स्वागत में आगाज - 2018 कार्यक्रम के तहत फ्रेशर्स डे मनाया गया। मुख्य अतिथि कलेक्टर इंद्रजीतसिंह एवं विशिष्ट अतिथि एसपी मनोजकुमार का चेयरपर्सन डॉ. अशोककुमार गदिया ने स्वागत किया। अतिथियों ने विश्वविद्यालय में स्थित गांधी म्यूजियम, टेक्निकल ट्रूडे क्लब का अवलोकन किया। विश्वविद्यालय के छात्रों द्वारा निर्मित एवं विकसित सोलर कार में सवार होकर मुख्य पांडाल में प्रवेश किया। प्रारंभ में रजिस्ट्रार डा. वैंकट ने स्वागत किया।

मुख्य अतिथि कलेक्टर सिंह व विशिष्ट अतिथि एसपी मनोजकुमार ने छात्रों को ऐसे आयोजन में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। यूनिवर्सिटी के चेयरपर्सन डा. अशोककुमार गदिया ने बताया कि देश के 29 राज्यों के बच्चे यहां उच्च शिक्षा में अध्ययनरत है। विद्यार्थियों ने विभिन्न कला एवं संस्कृति का प्रस्तुतिकरण किया। रैंप वाक में केवल देश के विभिन्न छात्र-छात्राओं सहित जाबिया, नाइजीरिया, एवं घाना से आए विद्यार्थियों ने भी हिस्सा लिया। कार्य सेवा के लिए वंदना चूंडावत, अनुज कुमार, राजकिरण आदि को सम्मानित किया गया। मिस्टर मेवाड़ का खिताब बीएमलटी विभाग के छात्र मधुसूदन एवं मिस मेवाड़ का ताज बी टेक सीएस विभाग की छात्रा सुश्री मर्सी को दिया गया। प्रो. वीसी, डा. आरसी तिवाड़ी, डायरेक्टर प्लेसमेंट हरीश गुरनानी, डायरेक्टर एडमिशन डी. के शर्मा सहित विभागाध्यक्ष उपस्थित थे।

राजस्थान पत्रिका, उदयपुर, शुक्रवार, 28 सितम्बर, 2018
patrika.com

## मेवाड़ विश्वविद्यालय में आगाज-2018 का आयोजन

# फ्रेशर्स डे पर छात्रों ने दिखाई प्रतिभा की झलक

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
rajasthanpatrika.com



चित्तौड़गढ़ के मेवाड़ विश्वविद्यालय में फ्रेशर डे पर मौजूद अतिथि।

**चित्तौड़गढ़.** जिले के गंगरार क्षेत्र में स्थित मेवाड़ विश्वविद्यालय में नवआगन्तुक विद्यार्थियों के अभिनंदन एवं स्वागत में गुरुवार को आगाज - 2018 कार्यक्रम के तहत फ्रेशर्स डे मनाया गया। मुख्य अतिथि जिला कलक्टर इन्द्रजीत सिंह एवं विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक मनोज चौधरी का विश्वविद्यालय में आने पर चेयरपर्सन डॉ. अशोक कुमार गदिया एवं विश्वविद्यालय परिवार द्वारा स्वागत किया गया। अतिथियों ने विश्वविद्यालय में स्थित गांधी म्यूजियम, टैक्नोलॉजी ट्री, कलाम आदि का अवलोकन किया। इसके बाद विश्वविद्यालय के प्रतिभावान छात्रों द्वारा निर्मित एवं विकसित सोलर कार में सवार होकर मुख्य सभागार में प्रवेश किया। शुरू में विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. चौहान ने अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि जिला कलक्टर सिंह ने कहा कि समय एवं परिस्थितियों के अनुरूप अपने आप को ढालना एवं स्वयं के इरादों पर पुरजोर ध्यान देने से ही जीवन में लक्ष्य प्राप्त संभव है। पुलिस अधीक्षक मनोज चौधरी ने छात्रों को ऐसे आयोजन में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित किया। विश्वविद्यालय के चेयरपर्सन डॉ अशोक कुमार गदिया ने कहा कि देश के 29 राज्यों के छात्र यहां उच्चशिक्षा में अध्ययनरत हैं एवं विश्वविद्यालय प्रतिभावान छात्रों में शिक्षा का अलख जगाने के लिए कृत संकल्प है।

### दी मनमोहक प्रस्तुतियां

विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रस्तुतियों में विभिन्न राज्यों कि कला एवं संस्कृति का मनमोहक प्रस्तुतिकरण किया। देश राग में [illegible], [illegible] एवं नाना में आज विद्यार्थियों ने भी हिस्सा लिया। श्रेष्ठ कार्य करने के लिए कल्पना पुष्पाकर, अतुल कुमार, रामकिशन आदि को सम्मानित किया गया।

निदेशक मेवाड़ का विशेष बी.एस.एस.टी विभाग के छात्र कृष्णकुमार एवं मिस मेवाड़ का ताज बी.टेक सी.एस विभाग की छात्रा वर्षा को दिया गया। कार्यक्रम में प्रो. बी.बी. डॉ आर सी सिकारी, डायरेक्टर एकेडमिक हरीश गुरनानी, डायरेक्टर एडमिशन टीके शर्मा सहित विभिन्न विभागाध्यक्ष भी मौजूद थे।

ा, महँद्र
का सहयोग
भ आरणी
जतनबाई
ड़िया ने

को

गामी
जा
ारी
10
ी।
क
नें

यात्रा भ्रमण करते हुए स्थानीय जैन संघ
पहुंची जहां बैंड बाजों के साथ स्थानीय जैन मंदिर पहुंचा।
इसके बाद रथ भूपालसागर के मुख्य बाजार में घुमकर जैन मंदिर पहुंचा। स्थानीय जैन
करेड़ा पार्श्वनाथ भगवान जैन तीर्थ के ट्रस्टी अनीश कोठारी, स्थानीय जैन
संघ के अध्यक्ष बंशीलाल चण्डालिया, भदेसर प्रधान प्रतिनिधि वरिष्ठ नेता
सुरेश सरूपरिया, पीयूष सोनी, निकुम्भ जिला मंत्री बलवन्त सिंह ओस्तवाल,
बसंती लाल बापना, रमेशचंद्र सेठ, मदनलाल कर्नावट आदि ने दर्शनों का
लाभ लिया।

# छात्रों ने तैयार की सोलर कार



**चित्तौड़गढ़।** जिले के मेवाड़ विश्वविद्यालय के मैकेनिकल तथा इलेक्ट्रिकल विभाग के 12 छात्रों की टीम ने सोलर कार तैयार की है। इस कार की अधिकतम गति 40 किलोमीटर प्रति घंटा तथा एक बार चार्ज करने पर 50 किलोमीटर तक की दूरी तय करने में सक्षम है, जिसका अवलोकन एवं शुभारंभ मेवाड़ विश्वविद्यालय के चांसलर डॉक्टर अशोक कुमार गदिया ने किया। कार का निर्माण मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभागाध्यक्ष कपिल नाहर तथा इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभागाध्यक्ष वी. शिवा के मार्गदर्शन में किया गया।

# अजा जजा जनचेतना महासम्मेलन

# सेमिनार में विद्यार्थियों को केमिकल विज्ञान के नए आयाम के बारे में जानकारी



मेवाड़ यूनिवर्सिटी में हुए सेमिनार में मौजूद लोग

चित्तौड़गढ़ | मेवाड़ विश्वविद्यालय में रिसेंट मल्टी डिसीप्लीनरी ट्रेंडस इन केमिकल साइंसेज पर राष्ट्रीय सेमिनार हुआ। इसके माध्यम से विद्यार्थियों को केमिकल विज्ञान के बारे में जानकारी दी गई। केमिकल के बढ़ते दूषित प्रभाव को कैसे कम किया जा सकता है, इसके बारे में विभिन्न विश्वविद्यालय से आए प्रमुख शिक्षाविदों ने मंथन किया। सेमिनार का प्रारंभ वीर नामाद साउथ गुजरात विश्वविद्यालय के पूर्व प्रो. केआर देसाई ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मेवाड़ विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर प्रो. वीके वैद्य ने ग्रीन केमेस्ट्री, ग्रीन लाइफ के तहत विज्ञान किस तरह जीवनशैली को परिवर्तित करता है यह बताया। डॉ. बीके शर्मा विभागाध्यक्ष केमेस्ट्री ने अतिथियों का स्वागत किया। सेमिनार में भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, उदयपुर एवं सूरत से आए 300 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रो. एससी रक्षित एमएलएसयू उदयपुर, डॉ. बीवी काबरा एमएलवी कॉलेज भीलवाड़ा, डॉ गुलजार अहमद ने भाग लिया।

# मरमी स्कूल की टीम रही क्रिकेट

साथी मौजूद थे।

## मेवाड़ विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेमीनार

चित्तौड़गढ़। मेवाड़ विश्वविद्यालय में रिसेन्ट मल्टी डिसिप्लिनरी ट्रेण्डस इन केमिकल सांईसेज पर राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित की गई। सेमीनार का मुख्य उद्धेष्य विद्यार्थियों को केमिकल विज्ञान के बहुआयामों के बारे में जानकारी प्रदान करना हैं। इसके हतत केमिकल के बढते दुषित प्रभाव को कम करने के बारे में विभिन्न विश्वविद्यालय से आये प्रमुख षिक्षाविदो द्वारा विचार मंथन किया गया। सेमीनार का प्रारम्भ विर नामाद साऊथ गुजरात विष्वविद्यालय के पूर्व प्रो. के.आर. देसाई द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। मेवाड विश्वविद्यायल के वाईस चान्सलर प्रो. वि. के. वेद ने अपने नये विचार ग्रिन केमिस्ट्री, ग्रीन लाईफके अनुसार विज्ञान आदमी की जीवन शैली को परिवर्तित करने की जानकारी दी।डॉ बी. के. शर्मा विभागाअध्यक्ष केमिस्ट्री ने सेमीनार में आये अतिथियों व विद्यार्थियों का स्वागत किया। सेमीनार में भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, उदयपुर एवं सूरत से आये लगभग 300 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

मेघवाल, संयुक्त सचिव पद के लिए लोठीयाना, शंभूलाल सुथार भादसोडा,

# राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन

गंगरार। मेवाड़ विश्वविद्यालय में रिसेन्ट मल्टी डिसिपिलिनरी ट्रेण्डस इन केमिकल सांईसेज पर राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित हुआ। सेमिनार का शुभांरभ प्रो. के.आर. देसाई ने किया।



मेवाड विश्वविद्यायल के वाईस चान्सलर प्रो. वि. के. वेद्य ने कहा कि ग्रिन लाईफ का मतलब ऐसी जीवन शैली को अपनाना चाहिए जिससें मन को सन्तुष्ठ किया जा सकें। जो कि स्वस्थ जीवन के लिए अत्यन्त आवश्यक है। ड़ॉ बी. के. शर्मा ने भी विचार व्यक्त किए। सेमीनार में भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, उदयपुर एवं सूरत से आये लगभग 300 विद्यार्थियों ने भाग लिया। सेमिनार प्रो. एस.सी. रक्षित, ड़ॉ बी. वी. क्राबरा, ड़ॉ गुलजार अहमद भी मौजूद थे।

जारी की गई।

# मेवाड़ विवि में सेमिनार का आयोजन

गंगरार. मेवाड़ विवि में रिसेन्ट मल्टी डिसिपिलिनरी ट्रेण्ड्स इन केमिकल साइंसेज विषयक राष्ट्रीय सेमिनार हुई। केमिकल के बढ़ते दूषित प्रभाव को पर्यावरण पर कैसे कम किया जा सकता है के बारे में मंथन किया गया। सेमिनार का प्रारम्भ विरनामाद साऊथ गुजरात विवि के पूर्व प्रो. केआर देसाई ने दीप प्रज्वलित कर किया। मेवाड़ विवि के वाईस चान्सलर वीके. वैद्य ने ग्रीन केमिस्ट्री, ग्रीन लाइफ पर विचार व्यक्त किए। केमिस्ट्री विभागाध्यक्ष डॉ. बीके शर्मा ने विद्यार्थियों का स्वागत किया। सेमीनार में भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, उदयपुर व सूरत से आए लगभग 300 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

# सात विद्यार्थियों का सेलवन में चयन

गंगरार। मेवाड़ विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों के लिए आयोजित रोजगारोन्मुखी कार्यक्रमों की श्रृंखला में दूरसंचार सेवा कम्पनी सेलवन द्वारा पॉलीटेक्निक डिप्लोमा एवं बीटेक की इलेक्ट्रिकल,इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्प्यूटर साइंस शाखा के विद्यार्थियों के साक्षात्कार लिए गए। कार्यक्रम की शुरूआत में सेलवन के एचआर विभाग के अधिकारी डेविड ऐस ने कंपनी की जानकारी दी। विश्वविद्यालय के निदेशक हरीश गुरनानी ने बताया कि विद्यार्थियों की हुई लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया गया। इस पूरी प्रक्रिया में 47 विद्यार्थियों ने भाग लिया तथा सात विद्यार्थी चयनित हुए।

# आईएएस टॉपर विद्यार्थियों से हुए रूबरू

गंगरार @ पत्रिका. मेवाड़ विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सेमिनार का आयोजन किया गया।

सेमिनार वर्ष 2016 में भारतीय प्रशासनिक सेवा के लिए आयोजित परीक्षा में द्वितीय स्थान प्राप्त कश्मीरी युवा अथर आमिर खान के मुख्य आतिथ्य में हुई। खान ने विभिन्न प्रकार की महत्वपूर्ण जानकारियों पर समावेशित व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा की सफलता का कोई शॉर्ट कट नहीं होता है। कठिन परिश्रम एवं स्वयं के प्रति ईमानदारी से किसी भी प्रकार की वांछनीय मंजिल को प्राप्त किया जा सकता है। सच्ची लगन से परिश्रम करने वाले के लिए नकारात्मक आर्थिक परिस्थितियां भी बाधा नहीं बन सकती। सेमिनार में आईपीएस अधिकारी सुधीर चौधरी, सीआई गंगरार दिनेश सुखवाल, मेवाड़ एजुकेशन सोसायटी के चेयरमैन गोविंद गदिया, सदस्य आरके गदिया, ओएसडी विधानी, निदेशक हरीश गुरनानी आदि मौजूद थे।

# तीन दिवसीय कैम्पस ड्राइव का आयोजन

**गंगरार।** यहां स्थित मेवाड़ विश्वविद्यालय द्वारा अपने विद्यार्थियों को त्वरित रोजगार प्राप्त कराने के उद्देश्य से तीन दिवसीय कैम्पस ड्राइव का आयोजन मंगलवार से गुरुवार तक किया गया। इसके अंतर्गत एनर्जी मीटर्स निर्माण करने वाली कंपनी सिक्योर मीटर्स उदयपुर, सूचना एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र की कम्पनी रंगम इंफोटेक वड़ोदरा एवं विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्यों के लिए एलॉयस भीलवाड़ा द्वारा चयन प्रक्रिया आयोजित की गई। विश्वविद्यालय के निदेशक हरीश गुरनानी ने बताया की विद्यार्थियों को सुलभ रोजगार प्राप्त कराने के प्रयासों के क्रम में ये आयोजन किये गए जिसमें बीटेक, पॉलिटेक्निक डिप्लोमा एवं प्रबन्धन के कुल 250 विद्यार्थियों ने भाग लिया। लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार के बाद 60 विद्यार्थियों को सफल घोषित कर अंतिम चयन किया गया।

एजुकेशन राउण्डअप

# मेवाड़ विश्वविद्यालय में साक्षात्कार आज

गंगरार @ पत्रिका. मेवाड़ विश्वविद्यालय में मंगलवार को साक्षात्कार का आयोजन किया जाएगा। मेवाड़ विश्वविद्यालय से इलेक्ट्रिकल एवं मैकेनिकल शाखा से पॉलिटेक्निक डिप्लोमा कर रहे विद्यार्थियों के साथ गत वर्षों में उत्तीर्ण हुए विद्यार्थी भी भाग ले सकते हैं। विश्वविद्यालय के निदेशक हरीश गुरनानी ने बताया की ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट विभाग की ओर से रोजगारोन्मुखी नीति के चलते वर्तमान अध्ययनरत एवं गत वर्षों में उत्तीर्ण हुए विद्यार्थियों के लिए पुनः रोजगारपरक अवसर देने के लिए कैम्पस ड्राइव का आयोजन किया जाएगा। सफल विद्यार्थियों को नामांकित कर नियुक्ति पत्र दिया जाएगा।

# मेवाड़ विश्वविद्यालय में कानूनी सलाह केन्द्र का उद्घाटन



गंगरार. मेवाड़ विश्वविद्यालय में कानूनी सलाह केन्द्र का उद्घाटन करते अतिथि।

**चित्तौड़गढ़ @ पत्रिका.** मेवाड़ विश्वविद्यालय परिसर में विधि विभाग के तत्वावधान निः शुल्क कानूनी सलाह केन्द का उद्घाटन मुख्य अतिथि विशाल भार्गव व रविन्द्र सिंह यादव ने किया। विधिक जागरूकता कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ जिसका संचालन विधि विभागाध्यक्ष आशा रावत ने किया।

मुख्य अतिथि भार्गव ने कहा कि सही समय पर सही सलाह ही लोगों को कानूनी दांव पेच से बचा सकती है। यादव ने तालुका स्तर पर विधिक जागरूकता को अधिक प्रभावी रूप से फैलाने की अपील की, अध्यक्ष बार काउंसिल चितौड़गढ़ ओम प्रकाश ने विधिक सेवा की वस्तुस्थिति व महत्ता पर चर्चा की।

भारती गहलोत ने विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में विधि विभाग के प्राध्यापक अमित यादव, प्रीति सेंगर, अमित कुमार आदि मौजूद थे।

एलईडी टीवी का

# मेवाड़ विश्वविद्यालय में निःशुल्क कानूनी सलाह केन्द्र का शुभारम्भ

चित्तौड़गढ़। मेवाड़ विश्वविद्यालय के विधि विभाग के तत्वावधान में शुक्रवार को निःशुल्क कानूनी सलाह केन्द्र का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पूर्ण कालिक सचिव विशाल भार्गव, न्यायिक अधिकारी रविन्द्र सिंह यादव, बार एसोशिएसन अध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा, मेवाड़ एज्युकेशन सोसायटी अध्यक्ष गोविन्दलाल गदिया, डॉ. बीएन राजशेखरन पिल्लई, प्रो० टी.एन. माथुर की मौजूदगी में किया गया। विधि विभागाध्यक्ष आशा रावत ने संचालन किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि भार्गव ने विधिक सेवा प्राधिकरण का महत्व बताते हुए कहा कि सही समय पर सही सलाह से ही लोगों को कानूनी दाव पेश से बचाया जा सकता है। बार अध्यक्ष शर्मा ने विधिक सेवा की महत्ता पर प्रकाश डाला।

# निशुल्क कानूनी सलाह केंद्र का किया गया उद्घाटन

[illegible] मेवाड़ विश्वविद्यालय परिसर में विधि विभाग के तत्वावधान में शुक्रवार को निशुल्क कानूनी सलाह केंद्र का उद्घाटन मुख्य अतिथि विशाल भार्गव एसीजेएम एवं पूर्ण कालिक सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चितौड़गढ़ तथा रविंद्र सिंह यादव न्यायाधीश गंगरार न्यायालय, ओम प्रकाश शर्मा अध्यक्ष बार एसोसिएशन ने किया। मेवाड़ एजुकेशन सोसायटी के चेयरपर्सन गोविंदलाल गदिया, डॉ. वीएन राजशेखरन पिल्लई प्रेसिडेंट मेवाड़ विश्वविद्यालय व प्रो प्रेसिडेंट मेवाड़ विश्वविद्यालय, प्रो. टीएन माथुर की उपस्थिति हुआ। संचालन विधि विभागाध्यक्ष आशा रावत ने किया। मुख्य अतिथि विशाल भार्गव ने राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण का महत्व बताते हुए कहा कि सही समय पर सही सलाह ही लोगों का कानूनी दांव पेच से बचा सकती है। न्यायाधीश रविंद्र सिंह यादव ने विधिक जागरुकता की अपील की।

# मेवाड़ विश्वविद्यालय में साक्षात्कार आज

चित्तौड़गढ़। मेवाड़ विश्वविद्यालय परिसर में आज वृहद स्तर पर एक साक्षात्कार समारोह का आयोजन किया जा रहा है, जिसमे विश्वविद्यालय से इलेक्ट्रिकल एवं मेकेनिकल शाखा से पॉलिटेक्निक डिप्लोमा कर रहे विद्यार्थियों के साथ विगत वर्षों में उत्तीर्ण हुए विद्यार्थी भी भाग ले सकेंगे। विश्वविद्यालय निदेशक हरीश गुरनानी ने बताया कि ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट विभाग द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित किये जाने वाले इस प्रकार के साक्षात्कार कार्यक्रमों से बड़ी संख्या में विद्यार्थी रोजगार प्राप्त कर देश की कई प्रतिष्ठित कंपनियों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं, विश्वविद्यालय की रोजगारोन्मुखी नीति के चलते वर्तमान अध्ययनरत एवं विगत वर्षों में उत्तीर्ण हुए विद्यार्थियों के लिए पुनः रोजगारपरक अवसर प्रदान करने हेतु इस विशिष्ट कैम्पस ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है जिसमे सफल होने वाले विद्यार्थियों को नामांकित करते हुए नियुक्ति पत्र दे दिया जाएगा। इस सत्र में विश्वविद्यालय परिसर में अब तक कुल 8 बहुप्रतिष्ठित कम्पनियों द्वारा इस प्रकार के साक्षात्कार कार्यक्रमों का आयोजन सफलपूर्वक किया जा चुका है जिसके तहत तकरीबन 100 विद्यार्थियों को रोजगार प्राप्त हो चुका है जिन्हें तुरंत नियुक्ति पत्र दे दिए गए हैं।